

लीग खेलों के ओपनिंग मैच का नया रेकॉर्ड

देश में किसी भी खेल लीग के उद्घाटन मैच का यह सबसे बड़ा आकड़ा है– किसी भी लीग को उसके पहले मैच में अभी इतनी बड़ी संख्या में दर्शक नहीं मिले हैं।

## 20 करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने देखा आईपीएल का पहला मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शनिवार से आईपीएल (2020) की आखिरकार शुरुआत हो गई। टूर्नामेंट का पहला मैच दो चिर–प्रतिद्वंद्वी मुंबई इंडियंस और चेन्नै सुपरकिंग्स के बीच खेला गया। आईपीएल के 13वें सत्र के इस पदार्पण मैच का 20 करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने टीवी पर लुत्फ उठाया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस बात की जानकारी ट्विटर पर दी। जय शाह ने BARC इंडिया (ब्रॉडकास्ट ऑडियन्स रिसर्च काउंसिल, इंडिया) की रेटिंग का हवाला देते हुए क्रिकेट फैन्स से यह जानकारी शेयर की। मंगलवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर एक ट्वीट करते हुए बीसीसीआई सचिव जय शाह ने लिखा, ड्रीम11 आईपीएल के ओपनिंग मैच ने नया रेकॉर्ड बना लिया है। BARC के अनुसार, मैच देखने के लिए 20 करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने ट्यूनइन किया। बता दें शनिवार से शुरू हुई इस लीग में अभी तक 3 मैच खेले जा चुके हैं और लीग का चौथा मैच राजस्थान रॉयल्स और चेन्नै सुपरकिंग्स के बीच खेला गया।

# भारत के कप्तान विराट कोहली से बहुत कुछ सीखा

**क्रिकेट**

## नर्वस था, विराट और फिंच ने मुझ पर भरोसा जताया: देवदत्त पडीक्कल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारत के भावी स्टार माने जा रहे देवदत्त पडीक्कल ने आईपीएल में शानदार पदार्पण करते हुए अर्धशतक जमाया। लेकिन केरल के इस युवा बल्लेबाज ने कहा कि अंतिम एकादश में जगह मिलने के बाद वह काफी नर्वस थे। 20 वर्ष के पडीक्कल ने 42 गेंद में 56 रन बनाए, जिसकी मदद से रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट पर 163 रन जोड़े।

पडीक्कल ने मैच के बाद युजवेंद्र चहल से बातचीत में कहा, जब मेरे पदार्पण की खबर मिली तो मैं काफी नर्वस हो गया। लेकिन बल्लेबाजी के लिए उतरने पर कुछ गेंद खेलने के बाद स्वाभाविक हो गया था। उन्होंने कहा कि आरसीबी और भारत के कप्तान विराट कोहली से उन्होंने बहुत कुछ सीखा।



उन्होंने कहा, पिछले एक महीने से हम अभ्यास कर रहे हैं और मैंने विराट भैया से बहुत कुछ सीखा। मैं उनसे सवाल पूछता रहता हूं। आज भी जब मैं फिंच के साथ खेल रहा था तो उन्होंने मुझ पर काफी भरोसा जताया। चहल ने अपने आखिरी ओवर पारी के 16वें ओवर के बारे में कहा कि वह आक्रामक गेंद डालना चाहते थे, जबकि रक्षात्मक फील्ड लगाई गई थी।

उन्होंने कहा, वह अहम ओवर था। मुझे लगा कि इस पर रन पड़ेंगे लेकिन यह भी लगा कि यह ओवर टीम के पक्ष में जा सकता है। मैं विकेट लेना चाहता था, जबकि फील्ड रक्षात्मक थी। विराट भैया से आक्रामक गेंदबाजी के बारे में ही बात की।

उन्होंने कहा, पहली गेंद लेग स्टम्प पर थी, जिसे मारना मुश्किल था। विजय शंकर के आने पर एबी और विराट ने कहा कि गुगली डालो। हमें पता था कि सही जगह पर गिरने पर नया बल्लेबाज इसे भांप नहीं सकेगा।श् चहल ने कहा कि कोरोना वायरस ब्रेक के कारण लंबे समय बाद खेलने की वजह से वह भी काफी नर्वस थे लेकिन नेट पर किया गया कड़ा अभ्यास काफी काम आया।

## चोट के कारण पूरे आईपीएल सत्र से बाहर हो सकते हैं मिशेल मार्श: सूत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



दुबई। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल मार्श टखने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के पूरे सत्र से बाहर हो सकते हैं। टीम सूत्रों ने बताया कि आरसीबी के खिलाफ पहले मैच में लगी चोट काफी गंभीर है। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए मार्श को 5वें ओवर में कप्तान डेविड वॉर्नर ने गेंद दी थी लेकिन वह चार ही गेंद डाल सके।

अपने करियर में चोटों का शिकार रहे मार्श की एड़ी में चोट लग गई, जब वह एरॉन फिंच का एक शॉट बचाने की कोशिश कर रहे थे।

टीम के एक सूत्र ने बताया, यह गंभीर चोट लग रही है। पता नहीं अब वह खेल भी सकेंगे या नहीं। टीम ने अभी तक उनकी चोट के बारे में आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

सनराइजर्स की टीम का यह इस सत्र का पहला ही मैच था, जिसमें उसे 10 रन से हार का सामना करना पड़ा। एक वक्त तक सनराइजर्स इस मैच में फेवरिट दिख रही थी। लेकिन पारी का 16वां ओवर फेंकने आए युजवेंद्र चहल ने अपने एक ही ओवर में लगातार 2 विकेट गिराकर मैच का पासा ही पलट दिया। सनराइजर्स की टीम ने 121/2 के स्कोर से अगले 32 रन जोड़ने तक अपने बाकी बचे सभी 8 विकेट गंवा दिए।

## जी हुजूरी नहीं की, इसलिए भारतीय टीम से बाहर हुए अंबाती रायुडू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2020 के आगाज मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हरा दिया था। चेन्नई की इस जीत के नायक दाएं हाथ के बल्लेबाज अंबाती रायुडू थे। अंबाती रायुडू ने 71 रन की तूफानी पारी खेलकर सीएसके को जीत दिलाई और एक बार फिर से वे सुर्खियों में आ गए। आईपीएल के पहले मैच की परफॉर्मेंस के बाद फिर से सवाल खड़े हो गए कि उनको भारतीय टीम से बाहर क्यों किया गया और क्यों उनको वर्ल्ड कप 2019 में मौका नहीं मिला।

चेन्नई के लिए नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हुए अंबाती रायुडू ने फाफ डुप्लेसी के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी की। इससे पहले टीम को दो विकेट जल्दी गिर गए। अंबाती रायुडू की पारी के दम पर सीएसके की जीत की नींव रखी गई, जिसको फाफ डुप्लेसिस और सैम कुरैन ने अंजाम तक पहुंचाया। इसी प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम मैनेजमेंट और कप्तान विराट कोहली पर सवाल खड़े हो गए। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने ये सवाल खड़े किए हैं।

## न्यूज डायरी



### आइपीएल में अभी और अच्छे मुकाबले देखने को मिलेंगे: गांगुली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग के 13 वें एडिशन में अभी तक खेले गए तीनों मैच काफी नजदीकी रहे हैं। इससे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली काफी खुश हैं। टीमों ने जिस तरह का क्रिकेट खेला है उसकी उन्होंने काफी प्रशंसा की है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई है कि उन्होंने मेंस आइपीएल और महिला टी 20 चैलेंज के आगामी मैचों में और अधिक रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा। महिला टी 20 चौलेंज पुरुष टूर्नामेंट के प्लेऑफ के दौरान खेला जाएगा। बोर्ड के अध्यक्ष गांगुली ने ट्वीट करके कहा कि अभी तक आइपीएल तीन अच्छे मुकाबले देखने को मिले है। उम्मीद है कि अगले 60 दिनों में हमें और अच्छे मैच देखने को मिलेंगे। 19 सितंबर को टूर्नामेंट के पहले मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स ने मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराया। इसके साथ ही चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी आइपीएल में टीम के कप्तान के तौर पर 100 जीत दर्ज करने वाले पहले कप्तान बन गए।

### अंपायरिंग को लेकर KXIP के मालिक ने बीसीसीआई से की गुजारिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। आईपीएल 2020 का दूसरा मैच किंग्स इलेवन पंजाब और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया था। इस मैच में एक गलत अंपायरिंग की वजह से किंग्स इलेवन पंजाब को हार झेलनी पड़ी, क्योंकि अंपायर ने शॉर्ट रन दे दिया था, जिसकी वजह से मैच टाई हो गया और फिर सुपर ओवर में पंजाब को हार मिली। इसी विवाद के बाद KXIP के सहमालिक नेस वाडिया ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ से एक अपील की है। वाडिया ने कहा है कि बीसीसीआइ को आइपीएल में बेहतर अंपायरिंग के साथ–साथ तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने पर गौर करना चाहिए। नेस वाडिया का यह बयान रविवार को दिल्ली और पंजाब के बीच हुए मैच में अंपायर के एक गलत फैसले के बाद आया है, जिसके कारण पंजाब को मैच गंवाना पड़ा। इससे पहले फ्रेंचाइजी के सीईओ ने भी यही कहा था कि आपको ये एक रन क्वालीफायर्स से बाहर करा सकता है।

### धोनी की दिमागी रणनीति अब ज्यादा देखने को मिलेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। संजय मांजरेकर ने कहा कि शुरुआती दो मैचों से साफ अनुमान लग गया है कि यह टी–20 लीग दो हिस्सों में बंटेगी। फिलहाल हम इसका पहला हिस्सा देख रहे हैं, जिसमें तेज गेंदबाज मिले हालात का लुत्फ उठा रहे हैं। वो इसलिए क्योंकि गेंद ज्यादा घूम नहीं रही है। क्यूरेटर इस बात को लेकर भी चिंतित होंगे कि अगले कुछ हफ्तों तक यूएई में तीन स्थानों पर ही मैच होने हैं। भारत में ये मैच दर्जनों मैदानों पर आयोजित होते हैं, ऐसे में इन तीन पिचों पर पड़ रहे अधिक भार को समझना अधिक मुश्किल नहीं है इसीलिए पिच पर घास छोड़ना स्वाभाविक था ताकि पिच जल्दी न सूखे। अब हमने रेगिस्तान यानी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भी हरी घास मैदान पर देखी है, जो क्रिकेट की दुनिया में नजर आना दुर्लभ है। चेन्नई को पहला मैच जीतते देखना सुखद रहा।

### गांगुली पर दिए गए बयान पर विवाद के बाद दिल्ली के कप्तान अय्यर ने दी सफाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 13 वें एडिशन में अपने ओपनिंग मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली और रिकी पोंटिंग को लेकर एक बयान दिया, जिसे लेकर विवाद हो गया। अय्यर ने अब इसे लेकर सफाई दी है। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ दिल्ली के मैच से पहले टॉस के बाद अय्यर ने गांगुली की तारीफ की और विवाद शुरू हो गया। इस दौरान बताया कि उन्हें सफल करियर बनाने में किन लोगों ने मदद की थी। कमेंटेटर साइमन डल से बातचीत करते हुए अय्यर ने कहा हम पहले गेंदबाजी करते।